किसानों के लिए आधुनिक तकनीक से युक्त एग्री-इनपुट

नई दिल्ली, 22 मई कारोबार सदन डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक युनिट श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने विशिष्ट पोषण एवं फसल सुरक्षा (स्पेशलटी न्यूट्रिशन एवं क्रॉप प्रोटेक्शन) में नए एग्री-इनपुट्स का लॉन्च किया।

श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों को उनकी उत्पादकता बढ़ाने में मदद करने के लिए ये आधुनिक अनुसंधान -उन्मुख उत्पाद पेश किए हैं। स्पेशलटी न्यूट्रिशन में लॉन्च किए गए दो आधुनिक उत्पाद हैं- श्रीराम जेन-ज़ैड एवं श्रीराम ज़िन ड्रिप। ज़ैन-ज़ैड आधुनिक पीढ़ी का बायो स्टिमुलेन्ट है। ज़ैन-ज़ैड में आने वाले विभिन्न मेटाबोलाइट सुनिश्चित करते हैं कि पौधा जैविक एवं अजैविक तनाव को सहन कर सके तथा अपनी आनुवंशिक क्षमता के अनुरूप उत्कृष्ट परफोर्मेन्स दे सके। यह अनूठी तकनीक विशेष कार्यप्रणाली के साथ उत्पादकता बढ़ाने में मदद करती है। ज़िन ड्रिप, यूरोप से स्मार्ट फ्लो तकनीक द्वारा पावर्ड जिंक संस्पेंशन उत्पाद है, जो बेहतर संस्पेन्शन क्षमता, स्प्रे दक्षता और पोषण प्रदान करता है। इस उत्पाद के इस्तेमाल से फसल का परफोर्मेन्स बेहतर होता है, उत्पादकता बढ़ती है तथा पौधे में पोषण अवशोषण का स्तर बढ़ने से फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है।

फसल सुरक्षा यानि क्रॉप प्रोटेक्शन कैटेगरी की बात करें तो दो खरपतवारनाशक- श्रीराम कोपिस और श्रीराम शासक का लॉन्च किया गया है जो सोयाबीन के किसानों के लिए मददगार है और 7 से 14 दिनों के अंदर खरपतवार को नष्ट कर देते हैं। श्रीराम ने 3 अन्य फसल सुरक्षा उत्पाद- श्रीराम एलेक्से, श्रीराम शिमोग और श्रीराम सुप्रावेत का भी लॉन्च किया है। 'कंपनी के संजय छाबड़ा, ने कहा, "जलवायु परिवर्तन की बात करें तो दुनिया भर के किसान मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से जूझ रहे हैं, फसलों को जैविक एवं अजैविक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। श्रीराम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि खराब मौसम के चलते फसलों को नुकसान न पहुंचे। हमें विश्वास है कि श्रीराम के इन उत्पादों से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी।